दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 08 जुलाई 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 280

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गदेरे में नहाने गए 2 बच्चों की डूबने से मौत

**श्रीनगर गढ़वाल (आरएनएस)।** श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बिल्वकेदार गदेरे में नहाने के दौरान दो मासूम बच्चों की डूब कर मौत हो गई। बुधवार देर शाम को हुई इस घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। दोनों मासूम खेलने का बहाना बनाकर घर से निकले थे। जब देर शाम तक दोनों घर नहीं पहुंचे तो उनके घरवालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। देर रात खोजबीन करने पर दोनों मासूमों के शव गदेरे में बने तालाब में डूबे हुए मिले। श्रीनगर कोतवाली के एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि रात 11:20 बजे चरण सिंह तथा महेश सिंह निवासी बिल्वकेदार ने थाने पर आकर सूचना दी कि उनके पुत्र सक्षम(13) पुत्र चरण सिंह तथा मयंक(10) पुत्र महेश सिंह शाम के समय करीब 6 बजे घर से देवभूमि स्कूल की तरफ खेलने के लिए गए थे। लेकिन तब से वापस घर नहीं लौटे हैं। इस पर थाने से तत्काल बच्चों की ढूंढ खोज के लिए वरिष्ठ उप निरीक्षक संतोष पैथवाल मय प्रभारी बाजार चौकी उप निरीक्षक रणबीर सिंह रमोला के द्वारा पुलिस टीम के साथ बिल्वकेदार क्षेत्र में गुमशुदा बच्चों की तलाश की गई। रात करीब 12:30 बजे दोनों गुमशुदा बच्चों के कपड़े बिल्वकेदार गदेरे के पास तालाब में मिले। जहां पर पुलिस टीम के द्वारा तालाब में दोनो बच्चों की ढूंढ खोज की गई। दोनों बच्चों के शवों को गोताखोर महेंद्र सिंह की मदद से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। मौके पर दोनों बच्चे मृत पाए गए। पुलिस की ओर से आवश्यक कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

### लालू यादव की हालत नाजुक, बॉडी में मूवमेंट बंद- दिल्ली एम्स किए गए शिफ्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव की हालत काफी नाजुक है। उन्हें देर रात दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी हुई है। इससे पहले उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, बुधवार रात उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली लाया गया। दरअसल, दो दिन पहले लालू यादव अपनी पत्नी राबड़ी देवी के आवास पर सीढियों से गिर गए थे, जिससे उनके शरीर में तीन जगह फैक्चर हुआ है। वह पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ऐसे में चोट के कारण उनकी हालत और खराब हो गई। लालू यादव के दिल्ली पहुंचने के बाद उनके बेटे तेजस्वी यादव ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, सीढ़ी से गिरने के कारण उनके शरीर में तीन जगह पर फैक्चर हुआ है, इससे उनका शरीर पूरी तरह से लॉक हो चुका है और उनके शरीर में मूवमेंट नहीं हो पा रही है। तेजस्वी ने बताया, एम्स में उनका पूरा चेकअप किया जाएगा। इसके बाद डॉक्टरों की टीम आगे के इलाज के बारे में तय करेगी।

### दूल्हा बने सीएम भगवंत मान, शादी की रस्में हुई शुरू

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर एक सादे समारोह में विवाह बंधन में बंधकर वैवाहिक जीवन की दूसरी पारी की शुरुआत करेंगे। हरियाणा के पिहोवा की रहने वाली डॉ. गुरप्रीत कौर के साथ चंडीगढ़ स्थित सीएम हाउस में शादी करेंगे। विवाह की रस्में 11 बजे से शुरू हो गई हैं और फेरे 2 बजे होंगे। विवाह में दोनों परिवारों के 20-20 लोग शामिल होंगे। भगवंत मान की शादी में मान और गुरप्रीत के परिवार के अलावा अरविंद केजरीवाल का परिवार भी शामिल होगा। बता दें कि भगवंत मान की पहली पत्नी इंद्रप्रीत कौर से उनका 2015 में तलाक हो गया था। पहली शादी से मान के 2 बच्चे दिलशान (17) और सीरत (21) हैं। जो मां के साथ अमेरिका में रहते हैं।

### दिल्ली के जनकपुरी इलाके में लगी आग, 2 महिलाओं को बचाया गया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के जनकपुरी में गुरुवार को एक कार्यालय में लगी आग से दो महिलाओं को बचा लिया गया। बचाव अभियान के दौरान एक दमकलकर्मी भी घायल हो गया। घटना पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी से सुबह करीब 11.13 बजे की बताई गई है। अधिकारी ने कहा, अग्निशमन विभाग ने कहा कि, उन्हें एक कार्यालय में आग लगने की सूचना मिली और कुछ लोग बी-1 मार्केट पूर्वी जनकपुरी में फंस गए। सूचना मिलने के बाद हमने दमकल की पांच गाडिय़ां मौके पर भेजी।

# बारिश से स्टेट हाइवे सहित 33 सड़के बंद



**पौड़ी (आरएनएस)।** पौड़ी जिले में गुरुवार को हुई तेज बारिश के कारण एक स्टेट हाईवे भिकायासैंण-बूगीधार-मेहलचौरी -चौखुटिया सहित 33 सडक़ों पर यातायात अवरुद्ध हो गया है। बंद सडक़ों में एक मुख्य जिला मार्ग मैठाणा घाट-रसिया महादेव- नौलापुर भी शामिल है। बंद होने वाली सडक़ों में से चार सडक़े ऐसी भी जिन पर शनिवार तक ही यातायात बहाल हो सकता है। अधिकतर ग्रामीण सडक़ों के यातायात के लिए बंद हो जाने के कारण जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की आवाजाही बाधित हो गई है। हालांकि लोकनिर्माण विभाग ने सडक़ों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई है। लगातार बारिश के कारण सडक़ों को खोलने में दिक्कत हो रही है। सडक़ एक बार खुलने के बाद दुबारा फिर बाधित हो जा रही है। गुरुवार की सुबह से ही जिले में बारिश का सिलसिला जारी रहा। तेज बारिश के कारण सडक़ों पर भारी मलबा और बोल्डर आ जाने से सडक़े यातायात के लिए बाधित हो गई है। पाबौ डिवीजन में आधा दर्जन सडक़ों पर बारिश के कारण यातायात गुरुवार को ठप रहा। हालांकि लोनिवि ने बंद सडक़ों को खोलने का काम सुबह से ही शुरू कर दिया था। पाबौ लोनिवि के ईई कलम सिंह ने बताया कि डिवीजन की 5 सडक़ों को शाम तीन बजे तक खोल दिया गया है। अन्य दो सडक़ों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई है। वहीं जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना की ही 15 सडक़े बारिश के कारण बंद हुई है।बंद सडक़ों में डुगरीपंथ-छातीखाल, सौंड-गजेली, नोडखाल-नांद, हल्दूखाल-कमान्दा, थलीसैंण-मुसेटी, -धाधणखेत, श्रीकोटखाल-रीठाखाल, चोपड्यूं-सरणा, स्योली कांडा-घंडियाली-करतोली, चैरी-मंथगांव, तिरपालीसैंण-डुगरी, पैठाणी-मलूंड, पैठाणी-थापली, बाली-मथाणा आदि सडक़े शामिल है। इनमें कुंणधार-कलुण, डाबखाल, सासौ-मासौ सहित चार सडक़े ऐसी है जो शनिवार तक ही यातायात के लिए खुल सकेगी। लोनिवि के मुताबिक इन सडक़ों पर कई स्थानों पर मलबा आने के साथ ही पुश्ते भी टूटे है। पौड़ी के डीएम डा. विजय कुमार जोगदंडे ने बंद सडक़ों को त्वरित गति से खोलने के निर्देश दिए है। जिले में अभी तक सर्वाधिक बारिश 57 एमएम पौड़ी तहसील में रिकार्ड की गई है और सबसे कम 3 एमएम सतपुली में हुई है। कोटद्वार में 15, धुमाकोट में 12, चाकीसैंण में 10 और चौबट्टाखाल तहसील में 12 एमएम के साथ ही लैंसडौन, थलीसैंण व यमकेश्वर में 5-5 एमएम बारिश हुई है।

## हिमाचल में दो दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, एक सप्ताह में सामान्य से 34 फीसदी अधिक बरसे बादल

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम खराब बना रहने का पूर्वानुमान है। नौ और दस जुलाई को प्रदेश के सभी क्षेत्रों में भारी बारिश और अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान लोगों से नदी और नालों के समीप नहीं जाने की अपील की गई है। एक से सात जुलाई तक प्रदेश में सामान्य से 34 फीसदी अधिक बारिश रिकॉर्ड हुई। चंबा, किन्नौर, लाहौल एवं स्पीति और ऊना जिला में सामान्य से कम बादल बरसे। अन्य जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। गुरुवार को प्रदेश में बारिश का दौर थमा। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में मौसम साफ रहा। धूप खिलने से प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज हुई।

**बरसात ने बढ़ाई बाह्य सराज की 69 पंचायतों की चिंता-** वहीं, बरसात ने जिले के बाह्य सराज के लोगों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। 97 किमी लंबा औट-बंजार-सैंज हाईवे-305 भूस्खलन की दृष्टि से बहुत ही संवदेनशील है। जलोड़ी दर्रा के साथ लगते माशनूनाला और कोटनाला के अलावा घियोगी से सोझा तक हाईवे भूस्खलन की दृष्टि से बहुत खराब है। इन जगहों पर बरसात के दिनों अमूमन पहाड़ी से भूस्खलन का दौर जारी रहता है। 4 जुलाई को भी हाईवे-305 करीब चार घंटे तक यातायात के लिए बंद रहा और कुल्लू आ रही निगम की बसों के साथ कई छोटे वाहन घंटों यहां फंसे रहे। इसमें कई पर्यटक वाहन भी थे। सर्दी में करीब तीन माह से भी ज्यादा समय तक जलोड़ी दर्रा अवरुद्ध रहा और लोग वाया शिमला, करसोग, थुनाग होकर आवाजाही करने का मजबूर हुए। अब बरसात का मौसम बाह्य सराज के लोगों के चिंता का सबब बनने लगा है।

## कर्नाटक हिंसा : 3 लोगों को चाकू मारने के बाद बागलकोट में तनाव, 18 गिरफ्तार

**बागलकोट (आरएनएस)।** जिले के केरूर कस्बे में हुई हिंसा और तीन लोगों को चाकू मारने के मामले में पुलिस ने 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थिति पर नजर रखने के लिए कस्बे में तैनात बागलकोट के एसपी जयप्रकाश ने गुरुवार को कहा कि यह घटना पुरानी रंजिश और छेडख़ानी की पृष्ठभूमि में हुई है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया हैंडल पर भडक़ाऊ पोस्ट शेयर करने से बचने का भी अनुरोध किया है।

हिंसा में शामिल होने के आरोप में 15 और लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है। एसपी जयप्रकाश ने बताया कि घटना के संबंध में चार मामले दर्ज किए गए हैं और पुलिस ने दोनों पक्षों के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

हिंसा में एक बाइक, एक गाड़ी को जला दिया गया है, जबकि छह बाइक क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की पांच प्लाटून तैनात की गई हैं।

जिला प्रशासन ने कस्बे में शुक्रवार रात तक निषेधाज्ञा लगा दी है और शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया है।

हिंदू जागरण वेदिके के जिला सचिव अरुण कट्टिमणि और उनके दो दोस्त केरूर कस्बे में बस स्टॉप की ओर जा रहे थे कि तभी पीछे से बाइक पर आए बदमाशों ने अरुण की पीठ में चाकू मार दिया। उसके सिर पर लोहे की रॉड से भी हमला किया गया। उसके दोस्तों को भी बदमाशों ने चाकू मार दिया। पीडि़तों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। आक्रोशित भीड़ ने सब्जी मंडी में एक दुकान में आग लगा दी, बाइक और कई सब्जी गाडिय़ां क्षतिग्रस्त कर दीं। आगे की जांच जारी है।

## गोबर से शुद्ध होगा कारखानों का खतरनाक पानी, आईआईटी धनबाद ने विकसित की तकनीक



**रांची (आरएनएस)।** अब गोबर का इस्तेमाल पानी से हानिकारक तत्वों और रसायनों को अलग करने के लिए भी हो सकेगा। धनबाद स्थित आईआईटी-आईएसएम के रिसचर्स की एक टीम ने शोध के बाद इसकी तकनीक विकसित कर ली है। दावा किया गया है कि इसके जरिए फैक्ट्रियों और खदानों से निकलने वाले खतरनाक रसायन वाले अनुपयोगी पानी को शुद्ध कर उपयोग लायक बनाया जा सकेगा। यह रिसर्च आईआईटी-आईएसएम के डिपार्टमेंट ऑफ एनवायरमेंट इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर बृजेश कुमार मिश्र की अगुवाई वाली टीम ने किया है।

टीम में डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री के गणेश चंद्र नायक, डॉ. सोनालिका और कई रिसर्च एसोसिएट शामिल हैं। प्रो. मिश्र ने बताया कि टीम ने लगातार तीन वर्षों के रिसर्च के बाद गोबर के जरिए एक ऐसा ऑब्जर्वेंट विकसित किया है, जिसकी मदद से पानी में घुले भारी तत्वों को अवशोषित किया जा सकता है। इतना ही नहीं, इस ऑब्जर्वेंट का इस्तेमाल एनर्जी रेस्टोरेशन के लिए भी किया जा सकेगा। इसे सोलर पैनल्स से जोडक़र घरों, सडक़ों, सार्वजनिक स्थलों को रोशन किया जा सकता है। यह तकनीक ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ज्यादा उपयोगी साबित होगी, जहां पशुपालकों की बड़ी संख्या होने से गोबर आसानी से उपलब्ध है।

बताया गया कि फैक्ट्रियों और खदानों से निकलने वाले पानी में कैडमियम, क्रोमियम, लेड, निकेल, कॉपर, जिंक जैसे जितने भी हानिकारक तत्व और रसायन हैं, उन्हें इस तकनीक के जरिए आसानी से अलग किया जा सकता है। टेक्सटाइल, पेपर, पेंट सहित अन्य उद्योगों और फैक्ट्रियों से बड़ी मात्रा में निकलने वाला रासायनिक और अवशिष्ट जल पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या है। गोबर में मौजूद फास्फोरस, नाइट्रोजन और कार्बन की मदद से फैक्ट्रियों के खतरनाक रसायनयुक्त पानी को शुद्ध करना संभव हो गया है। सबसे बड़ी बात यह कि यह तकनीक खर्च में भी किफायती है। इसके इस्तेमाल से पर्यावरण पर भी कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। प्रो. मिश्र के अनुसार यह रिसर्च प्रोजेक्ट 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'गोवर्धन योजना' के उद्देश्यों के भी अनुकूल है।

## अमरावती केमिस्ट हत्याकांड : 15 जुलाई तक एनआईए की हिरासत में भेजे गए सभी 7 आरोपी



**मुंबई (आरएनएस)।** अमरावती के दवा दुकान संचालक उमेश कोल्हे की हत्या (अमरावती केमिस्ट हत्याकांड ) मामले में मुंबई की एक विशेष अदालत ने हत्या के सात आरोपियों को 15 जुलाई तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया। अमरावती केमिस्ट हत्याकांड के कथित मास्टरमाइंड की पहचान इरफान शेख के रूप में हुई है।

गुरुवार को अमरावती केमिस्ट हत्याकांड मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सभी सातों आरोपियों को एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद सातों आरोपियों को 15 जुलाई तक एनआईए की कस्टडी में भेजने का निर्देश दिया। बता दें कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुदस्सर अहमद, शाहरुख पठान, अब्दुल तौफीक, शोएब खान, आतिब राशिद, यूसुफ खान के रूप में हुई है।

बीजेपी नेता नूपुर शर्मा से कनेक्शन

गौरतलब है कि पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से पैदा हुए विवाद के बाद से नूपुर शर्मा भी सुर्खियों में हैं। उमेश कोल्हे ने कथित तौर पर नूपुर शर्मा के बयान का समर्थन किया था। जिसके विरोध में फार्मासिस्ट उमेश कोल्हे की 21 जून को हत्या कर दी गई। गौरतलब है कि पैगंबर पर टिप्पणी से विवादों में घिरने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रवक्ता नूपुर शर्मा को निलंबित कर दिया है।

आपत्तिजनक सामान बरामद

मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने उमेश कोल्हे का गला काट दिया था। अधिकारियों के मुताबिक उमेश कोल्हे हत्याकांड के आरोपियों के पास से नफरत फैलाने वाले पैम्फलेट, चाकू, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, मेमोरी कार्ड और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। एनआईए और महाराष्ट्र पुलिस ने उक्त सामान राज्य के आरोपी के परिसरों से तलाशी के दौरान बरामद किए।

## महाराष्ट्र : उद्धव ठाकरे को लगा एक और झटका, शिंदे समूह में शामिल हुए 67 नेता



**मुंबई (आरएनएस)।** ठाणे के पूर्व मेयर नरेश मुस्के और 67 पूर्व नगर पार्षदों के साथ गुरुवार को यहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समूह में शामिल होने से शिवसेना को एक और झटका लगा है। ठाणे में आगामी निकाय चुनावों से पहले पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के लिए यह कदम एक झटके के रूप में आया है, जहां पार्टी ने कई वर्षों तक शासन किया है।

मुस्के और अन्य ने शिंदे से मुलाकात की- जो तत्कालीन महा विकास अघाड़ी शासन में ठाणे के संरक्षक मंत्री भी थे- उनके आवास पर और मुंबई से सटे शहर की प्रगति के लिए उनके नेतृत्व में मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इससे पहले, ठाणे के कई नेताओं ने परोक्ष रूप से धमकी दी थी कि अगर उन्हें निकाय चुनावों के लिए टिकट नहीं दिया गया तो वे एकनाथ शिंदे के रास्ते पर चलेंगे।

ताजा घटनाक्रम शिंदे के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक सप्ताह बाद आया है और 29 जून को एमवीए सरकार के गिरने के बाद भारतीय जनता पार्टी के देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली।

इसके अलावा, ऐसे संकेत हैं कि शिवसेना के कई निर्वाचित विधायक, पार्टी के नेता और विभिन्न स्तरों पर पदाधिकारी आने वाले हफ्तों में शिंदे समूह के प्रति निष्ठा को स्थानांतरित कर सकते हैं। शिंदे खेमे ने दावा किया है कि शिवसेना के कई सांसद भी उनके संपर्क में हैं और जल्द ही उनके साथ जुड़ सकते हैं। यहां तक कि लोकसभा में शिवसेना की मुख्य सचेतक भावना गवली - यवतमाल- वाशिम निर्वाचन क्षेत्र से सांसद को बुधवार को हटा दिया गया और उनकी जगह ठाणे के सांसद राजन विचारे को दिया गया है। शिवसेना 11 जुलाई के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उम्मीदें टिकी हुई है, जिसके बाद पार्टी अपने भविष्य के कार्यों की रूपरेखा तैयार करेगी, जबकि ठाकरे ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत और संचार शुरू कर दिया है।

# दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ सरकार ने 'पर्यावरण मित्र बनाएगी'



**नई दिल्ली ( आरएसएस) ।** दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ केजरीवाल सरकार की लड़ाई में अब दिल्ली के नागरिक पर्यावरण मित्र बन कर सहयोग करेंगे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा दिल्ली के नागरिक को प्रदूषण के खिलाफ छिड़े सरकार के अभियान से जोडऩे के लिए आज दिल्ली सचिवालय में 'पर्यावरण मित्र' को लांच किया गया। कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 8448441758 पर मिस कॉल करके पर्यावरण मित्र बन सकता है।गोपाल राय ने बताया कि प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली एक फाइटर सिटी के रूप में उभर कर सामने आई है। दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के पर्यावरण को साफ़, सुंदर और हरा भरा बनाने के लिए कई कार्यक्रम युद्ध स्तर पर शुरु किए हैं। सरकार ने इस साल विंटर एक्शन प्लान की तरह समर एक्शन प्लान प्लान की भी शुरुआत की है। समर एक्शन प्लान के तहत सरकार 14 बिन्दुओ पर कार्य कर रही है जिसमें मुख्यत: एंटी ओपन बर्निंग अभियान , अर्बन फार्मिंग ,रोड साइड ग्रीन कवर बढ़ाना , पार्कों का विकास , सिटी फॉरेस्ट का विकास , झीलों का विकास , ई- वेस्ट इको पार्क ,वृक्षारोपण, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का विकल्प आदि शामिल है। साथ ही दिल्ली में चल रहें वृक्षारोपण अभियान के फलस्वरूप दिल्ली में जहाँ साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसद था , सरकार के प्रयासों के कारण, साल 2021 में बढक़र 23.06 फीसदी हो गया है 7 साथ ही शहरों के प्रति व्यक्ति फॉरेस्ट कवर के मामले में दिल्ली पूरे देश में नंबर वन हो गया है। दिल्ली सरकार अर्बन फार्मिंग को लेकर काम कर रही है जिससे न केवल हरित क्षेत्र बढ़ेगा बल्कि लोगों को रोजगार भी मिलेगा। साथ ही दिल्ली के 10000 पार्कों को वर्ल्ड क्लास स्तर पर विकसित करने के लिए सरकार ने 'ग्रीन पार्क ग्रीन दिल्ली' की थीम पर महाअभियान की शुरुआत की हैं। दिल्ली में वायु और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने 'रेड लाइट ऑन इंजन ऑफ' की पहल की भी शुरुआत की है। इसके साथ साथ दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए 1 जुलाई से पूरी दिल्ली में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के 19 उत्पादों को भी बैन कर दिया गया है और लोगो में इसके विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए 1 जुलाई से 3 जुलाई के बीच सरकार द्वारा प्लास्टिक विकल्प मेले का भी आयोजन किया गया ताकि दिल्ली को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त शहर बनाया जा सकें।उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की तरफ से दिल्ली के अंदर प्रदूषण के खिलाफ कई अभियान सफलतापूर्वक चल रहे है।आज इसी कड़ी में दिल्ली के नागरिक कैसे 'युद्ध, प्रदूषण के विरुद्ध' अभियान में सहयोगी और साथी बन सकते हैं, इसके लिए सरकार पर्यावरण मित्र की शुरुआत कर रही है। पर्यावरण मित्र लांच करने का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के लोगों का एक नेटवर्क बनाने से है जिनके पास जागरूकता, ज्ञान, प्रतिबद्धता, और अपने स्वयं के क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता है।पर्यावरण मित्र एक स्वेच्छिक कार्यक्रम है जहाँ नागरिकों को व्यक्तिगत, स्कूल, परिवार और सामुदायिक स्तरों पर पर्यावरण की बेहतरी के लिए कार्य करने का अवसर मिलेगा 7 प्रदूषण के खिलाफ अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए दिल्ली सरकार दिल्ली के सभी नागरिकों को इससे जोडऩा चाहती है ,ताकि दिल्ली का हर एक व्यक्ति इसमें अपना योगदान दें। गोपाल राय ने कहा कि पर्यावरण मित्र दिल्ली के लाखो नागरिको के लिए मौका हैं कि वह कैसे प्रदूषण की लड़ाई में सहयोगी और साथी बन सकते है। इस पहल से युवाओं के साथ वरिष्ठ व्यक्ति भी जुड़ सकते हैं। पर्यावरण मित्र बनने के लिए दिल्ली का कोई भी नागरिक टोल फ्री नम्बर 8448441758 पर मिस कॉल करके पर्यावरण मित्र बनने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। मिस कॉल करने के बाद काफी सरल तरीके से व्हाट्सप्प पर 3-4 सवालों का रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा ,फिर उनको पर्यावरण विभाग की तरफ से संपर्क किया जाएगा।